तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

14 संस्कृति संरक्षण, ग्राम स्वशासन, वनअधिकार...



14 पढ़ाई के साथ खेल और अनुशासन से होगा...





## केंवटी में किसानों का सड़क पर फूटा गुस्सा, लिखित आश्वासन पर हटे

# धान लिमिट पर भड़के अन्नदाता व किया भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग चार घंटे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र के केंवटी धान खरीदी केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं ने ऐसा तूल पकड़ा कि अन्नदाता सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए। टोकन वितरण में देरी, खरीदी की सीमा नहीं बढ़ाए जाने और अधिकारियों की उदासीनता से त्रस्त किसानों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। सैकड़ों किसानों ने अपनी जायज मांगों को लेकर भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मुख्य मार्ग पर करीब 4 घंटे तक चक्काजाम कर दिया। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

- मेहनत की फसल बेचने में भी संघर्ष, केंवटी धान खरीदी केंद्र पर फूटा आक्रोश

सोमवार की सुबह से ही केंवटी धान खरीदी केंद्र में किसानों की भीड़ जुटने लगी थी। धान बेचने आए किसानों को उम्मीद थी कि आज उनकी फसल की खरीदी होगी, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी न तो टोकन मिले और न ही खरीदी प्रक्रिया आगे बढ़ी। किसानों का कहना है कि धान खरीदी शुरू हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन केंद्र की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। टोकन वितरण की प्रक्रिया बेहद धीमी है, जिससे किसानों को बार-बार केंद्र के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके अलावा प्रति किसान धान खरीदी की निर्धारित सीमा (लिमिट) कम होने से बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेच नहीं पा रहे हैं। खेतों में खून-पसीना बहाकर तैयार की गई फसल जब मंडी में बिक नहीं पा रही, तो किसानों की परेशानी और बढ़ गई है। खरीदी केंद्र में घंटों इंतजार और अधिकारियों की अनसुनी से आक्रोशित किसानों ने सुबह करीब 11 बजे भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। देखते ही देखते सड़क पर किसानों की भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शन के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। बसें, ट्रक और अन्य वाहन जहां-तहां फंस गए। यात्रियों को धूप में खड़े रहकर जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक वे सड़क से हटने वाले नहीं हैं। किसानों की मुख्य मांगों में धान खरीदी की सीमा में तत्काल बढ़ोतरी, टोकन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करना शामिल है।



**प्रशासन के पहुंचने पर भी नहीं माने किसान :** चक्काजाम की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा, एसडीओपी शेर बहादुर और थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर जाम हटाने का आग्रह किया और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि किसान केवल मौखिक आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। उनका कहना था कि पहले भी कई बार आश्वासन मिले हैं, लेकिन धरातल पर कोई सुधार नहीं हुआ। किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा और समय-सीमा तय नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके बाद अधिकारियों और किसानों के बीच काफी देर तक चर्चा होती रही।

### लिखित आश्वासन के बाद खत्म हुआ आंदोलन

लगभग चार घंटे तक चले चक्काजाम के बाद तहसीलदार द्वारा किसानों को लिखित आश्वासन दिया गया कि शुक्रवार तक धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने के संबंध में उचित कार्यवाही की जाएगी और खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा। इसके बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया। दोपहर करीब 3 बजे मार्ग पर यातायात बहाल हो सका, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

### किसानों की पीड़ाः हर कदम पर संघर्ष

प्रदर्शन में शामिल किसानों ने अपनी पीड़ा खुलकर रखी। किसानों का कहना है कि एक किसान साल भर संघर्ष करता है। बुआई के समय खाद -बीज के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है, फसल तैयार होने के बाद मंडी खुलवाने के लिए प्रशासन के चक्कर लगाने पड़ते हैं और अब अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए सड़क पर उतरकर चक्काजाम करना पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय पर उनकी मांगों पर अमल नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



## अवैध परिवहन, भंडारण व खरीदी के 46 मामलों में 1388 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमों के द्वारा सतत कार्यवाही कर धान की जब्ती की जा रही है।

खाद्य शाखा से जानकारी के अनुसार 15 नवम्बर से अब तक धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के 46 प्रकरण तैयार कर संबंधितों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम-1972 के तहत विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर 1388.60 क्विंटल धान की जब्ती की गई है। जानकारी के अनुसार 16 नवम्बर को धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के 10 प्रकरण तैयार कर संबंधितों से 330.80 क्विंटल धान बरामद कर मण्डी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई। इसी तरह 17 नवम्बर को 04 प्रकरणों में 148.40 क्विंटल, 19 नवम्बर को एक प्रकरण में 26 क्विंटल, 20 नवम्बर को 02 प्रकरणों में 74 क्विंटल, 22 नवम्बर को एक प्रकरण में 12.40 क्विंटल, 24 नवम्बर को 05 प्रकरण में 196.80 क्विंटल, 26 नवम्बर को दो प्रकरणों में 42.50 क्विंटल, 27 नवम्बर को 24 क्विंटल धान के अवैध ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### एसआईआर मुद्दे पर आज राजनीतिक दलों की बैठक

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर- 2026 के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 23 दिसम्बर को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर से संबंधित मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा एसआईआर 2026 के दौरान की गई गतिविधियों के संबंध में चर्चा के लिए 23 दिसम्बर को जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक सुबह 10.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है, जिसमें उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

### युवक की मौत की जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत क्रुष्टीकुर निवासी 22 वर्षीय जितेंद्र कुमार हिड़को का 20 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर चोट लगने कि वजह से उसे अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक का मौत हो गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायलों के उचित इलाज की माँग यूनियन ने की

**पखांजुर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के राज्य अध्यक्ष द्वारका कोसरिया ने मांग किया है कि पखांजुर के नए बाजार के समीप सफाई कार्य करते समय कचड़े में रखे गए विस्फोटक फटने से दो महिला सफाई कर्मचारी अनामिका मंडल और आलो पाल बुरी तरह घायल हो गए। इन कर्मचारियों का कोई इलाज प्लेसमेंट एजेंसी या नगर पंचायत ने नहीं कराया है। यूनियन की ओर से जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर घायल सफाई कर्मचारियों का उचित इलाज और छुट्टी एवं उनके वेतन का भुगतान करने का मांग करते हुए नगर पंचायत के सीएमओ को बर्खास्त और कलमी सर्विसेज की ठेका निरस्त करने की मांग किया है।

### मरकाटोला में मानसगान प्रतियोगिता 2 जनवरी से

**धनेलीकन्हार।** ग्राम मरकाटोला (फतेचंद) में विगत 14 वर्षो से निरंतर चल रहें त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान प्रतियोगिता इस बार भी 2 से 4 जनवरी तक रखा गया है। इस प्रतियोगीता मे राज्य के विभिन्न जिलों से 30 ख्याति प्राप्त मानस मंडलिया भाग ले रही हैं, जो अपनी सुमधुर प्रस्तुति देगी। श्रीश्री रामचरित मानस गान मरकाटोला समिति अध्यक्ष चमन यादव ने कहा कि इस गांव की एकता, संगठन, सांस्कृतिक चेतना इस गांव को विशेष पहचान दिलाती हैं। संयोजक मुकतेश्वर ठाकुर एवं संरक्षक डॉ. माखन गंजीर ने बताया कि ग्राम में भगवान राम चंद्र का मंदिर बनाया गया हैं, जो आस्था का प्रतीक हैं।

### राज्य स्तरीय संगीतमय मानस सम्मेलन कल से

**भानुप्रतापपुर।** मानव जागृति सेवा समिति भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मानसगान का आयोजन 24 से श्री मानसमंच रेस्ट हाऊस के सामने आयोजित होगी। 24 दिसंबर को दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी, पवननंदन मानस परिवार ब्राम्हनखेड़ी मोहला मानपुर, उमाशंकर मानस परिवार कुलेश्वर ताम्रकार दुर्ग एवं श्रीरामधुनी जानकी बस्तरिया मंडली कुरुस्टीकुर द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 25 दिसंबर को मानव जागृति महिला मानस परिवार भानुप्रतापपुर, कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर द्वारा संकीर्तन एवं संध्या जय ▶▶|शेष पेज 12 पर

## जिला स्तरीय युगल बैडमिंटन स्पर्धा में खटवानी बंधुओं ने जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ऑफिसर्स क्लब कांकेर में दो दिवसीय जिला स्तरीय युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से आए 16 युगल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं मैचों ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया।

दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले देखने को मिले। पहले दिन प्रारंभिक और क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें कई मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहे। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, तकनीक और टीमवर्क का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। दूसरे दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खेल का स्तर और भी ऊंचा नजर आया। सेमीफाइनल में पहुँचने वाली टीमों में अंकित खटवानी एवं अमन खटवानी, लक्ष्मेंद्र एवं भुवनेश्वर, अनिल सोम एवं आशीष राजपूत और तरुण बजाज एवं अनुभव रहे। फाइनल मुकाबला अंकित खटवानी एवं अमन खटवानी और लक्ष्मेंद्र एवं भुवनेश्वर के मध्य खेला गया। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। शुरुआत से ही खटवानी बंधुओं ने आक्रामक खेल दिखाया, वहीं विपक्षी जोड़ी ने भी कड़ा मुकाबला किया। हालांकि निर्णायक क्षणों में खटवानी बंधुओं के अनुभव और तालमेल ने 23-25, 24-22 और 21-18 अंकों से बढ़त दिलाई और उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।



प्रतियोगिता के समापन अवसर के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं संजय नगर के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पीएम मोदी को धनेलीकन्हार के किसानों ने सुना एवं डिब्रूगढ़ उर्वरक संयंत्र के स्थापना कार्यक्रम को देखा

**धनेलीकन्हार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में स्थापित होने वाले नए अमोनिया–यूरिया उर्वरक संयंत्र की आधारशिला कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कांकेर ब्लॉक के ग्राम धनेलीकन्हार में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को गंभीरता और उत्साह के साथ सुना।

- लाइव प्रसारण को दिखकर किसान हुए उत्साह, कृषि और किसानी की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण कदम



धनेलीकन्हार के हल्बा सामाजिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में इंडियन पोटाश लिमिटेड के सेल्स मैनेजर लोकेश जेठवा के विशेष प्रयासों से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई, जिससे क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री के विचारों को सीधे सुनने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में इस अमोनिया–यूरिया संयंत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र के निर्माण से देश यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और किसानों को भविष्य में यूरिया की सहज उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही विदेशों से उर्वरक आयात पर निर्भरता भी कम ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खड़े ट्रक से बाइक टकराई, ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कुलगांव के ढाबा पास रोड के बीचो बीच खड़ी ट्रक से बाइक टकरा गया। टक्कर से एक युवक का मौत हो गया व बाइक के पीछे बैठे एक युवक का गंभीर चोट आया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि 18 दिसंबर को मृतक अपने दोस्त भावेश पटेल के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 बी 6582 मे सवार होकर निजी कार्य से कांकेर आया था। काम खत्म कर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 27 बी 6582 में सवार होकर वापस केशकाल जा रहा था। मोटर सायकल को मृतक योगेश कोमरा चला रहा था। रात करीबन सवा 10 बजें कुलगांव ढाबा के पास पहुंचे ▶▶|शेष पेज 12 पर

- ढाबे के पास ट्रक को लापरवाहीपूर्वक किया गया था पार्क



## बदहाल स्वास्थ्य के खिलाफ जारी भूख हड़ताल 15 दिनों में समाधान के आश्वासन पर स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को जनाक्रोश खुलकर सामने आया। शासकीय अस्पताल परिसर के सामने राष्ट्रगान के पश्चात स्वास्थ्य अधिकार सत्याग्रह के बैनर तले भूख हड़ताल प्रारंभ किया। शांतिपूर्ण आंदोलन का उद्देश्य क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करना था।

- शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की हजारों की आबादी इसी अस्पताल पर निर्भर है

भूख हड़ताल के दौरान पार्षद पंकज वाधवानी ने कहा कि शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की हजारों की आबादी इसी अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन डॉक्टरों की भारी कमी, आवश्यक जांच मशीनों का अभाव और अव्यवस्थाओं के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। गंभीर मरीजों को मजबूरी में दूर-दराज के अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है, जिससे समय, धन और कई बार जान तक जोखिम में पड़ जाती है। अस्पताल में लंबे समय से विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। न तो नियमित ओपीडी सुचारू रूप से चल पा रही है और न ही आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए महिला डॉक्टर तक की व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढींढसा ने कहा कि यह आंदोलन केवल शुरुआत है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रेफर सेंटर की संज्ञा ▶▶|शेष पेज 12 पर

### स्वास्थ्य अधिकार सत्याग्रह की प्रमुख मांगे

रिक्त पदों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, अस्पताल में जिला स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की अनिवार्य और समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करना, ओपीडी, आपातकालीन सेवाएं एवं जांच सुविधाओं का नियमित संचालन, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, ब्लड बैंक, आईसीयू जैसी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था, लापरवाह अधिकारियों एवं अनुपस्थित डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई शामिल है।

## विधायक सीएचसी आमाबेड़ा पहुँचकर घायलों का जाना हाल

# आमाबेड़ा-बड़ेतेवड़ा घटना पर विधायक की है पैनी नजर, ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ क्षेत्र में हाल ही में आमाबेड़ा और बड़ेतेवड़ा में घटी घटनाओं को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज रही। इन्हीं घटनाओं की वास्तविक स्थिति जानने और ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे समझने के उद्देश्य से अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी 22 दिसंबर को स्वयं आमाबेड़ा पहुँचे। विधायक के अचानक आगमन से ग्रामीणों में उम्मीद जगी और बड़ी संख्या में लोग अपनी बात रखने के लिए एकत्रित हुए।

आमाबेड़ा पहुँचने के बाद विधायक विक्रम उसेंडी ने सबसे पहले ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में हुई घटनाओं की पूरी जानकारी देते हुए अपनी पीड़ा और समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। ग्रामीणों ने बताया कि किस प्रकार हाल की घटनाओं से क्षेत्र का माहौल प्रभावित हुआ है और आमजन को किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सभी की बातें गंभीरता से सुनीं और आश्वासन दिया कि किसी भी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान विधायक को यह जानकारी मिली कि घटना में घायल कुछ ग्रामीणों को आमाबेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इसके बाद विधायक सीधे स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे और वहां भर्ती ग्रामीणों का हालचाल जाना। स्वास्थ्य केंद्र में उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की स्थिति की जानकारी ली और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती एक घायल बुजुर्ग से विधायक ने विशेष रूप से बातचीत की। उन्होंने बुजुर्ग की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली और परिजनों से भी चर्चा की। विधायक ने बुजुर्ग को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन उनके साथ है और इलाज में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि घायलों की नियमित निगरानी की जाए और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।







विधायक विक्रम उसेंडी ने इस मौके पर कहा कि आमाबेड़ा और बड़ेतेवड़ा की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। विधायक के इस दौरे से ग्रामीणों में संतोष देखने को मिला और लोगों ने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

## खबर संक्षेप

### रमशीला बनीं भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष

**नारायणपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी में नारायणपुर नगर पालिका परिषद की पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री रमशीला नाग को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी



नियुक्ति से जिले में हर्ष और गौरव का वातावरण है। रमशीला नाग 2010 से 2016 तक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रहीं तथा इसके बाद लगातार तीन कार्यकाल तक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाती रहीं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### मारडूम शक्ति केंद्र में कार्यकर्ताओं को दी संगठनात्मक जानकारी



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने लोहण्डीगुड़ा मंडल के मारडूम शक्ति केंद्र में कार्यकतार्ओं व संगठनात्मक मजबूती और एसआईआर संबंधित पुनःनिरीक्षण का कार्यशाला एवं बूथस्तरीय सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता समन्वय एवं जनसंपर्क को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंगतु कश्यप ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, कार्यकतार्ओं को जिम्मेदारियां सौंपने और पार्टी की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। इस दौरान मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, मोती कश्यप, कमलू करटाम, लिबरू कश्यप, तुलाराम सेठ्ठी, लिंगो राम, सोबीत, सुखचंद, तुलसी, डमरू, बिटलू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 23 को

**कुरुद।** युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने तथा जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिताएं पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में अब विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा कुरुद की विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को प्रातः 9 बजे से स्थान अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में होगी।

### जयंती : सशिमं विद्यालय भानुप्रतापपुर में जयंती पर किया गया शानदार आयोजन

# गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर छात्रों को गणित की महत्ता बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- गणित की उपयोगिता बताते बच्चों को किया प्रेरित

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। गणित दिवस पर बच्चों ने उल्टी गिनती, पहाड़ा, सीधी गिनती, गणित पहेली, भाषण,रंगोली, चित्रकला, गणित मॉडल तात्कालिक भाषण, प्रश्न मंच, गणित चार्ट, जैसे विविध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय भानुप्रतापपुर गणित के सहायक प्राध्यापक जीवन लाल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गणित का महत्व और उपयोगिता हमारे दैनिक जीवन में बहुत होती है। हर एक क्षण में गणित की उपयोगिता को बताते हुए उसको आनंद के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया। हर सोच विचार गतिविधि के पीछे गणित का समावेश होता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि शून्य से लेकर अनंत तक अनसुलझे रहस्य को ढूंढ निकालने में गणित का विशेष योगदान है, श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को याद करते हुए बच्चों को जानकारी देते हुए गणित के प्रति अपनी रुचि जागृत करने के लिए प्रेरित किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माध्यमिक वर्ग से सारिका शर्मा, द्वितीय दीपक दुग्गा, हायर सेकेंडरी विभाग में प्रथम स्थान वंदना शिंदे, द्वितीय भावना कुमेटी, चित्रकला प्राथमिक विभाग प्रथम स्थान मेघना भुआर्य, द्वितीय खुशबू राणा, माध्यमिक विभाग प्रथम दक्ष सलाम, द्वितीय चंद्रिका दास, हायर सेकेंडरी विभाग प्रथम तृप्ति यादव, रंगोली प्रतियोगिता प्राथमिक विभाग प्रथम स्थान योग्या कुंजाम, द्वितीय अंबिका ओसारे, ऋचा सिन्हा माध्यमिक विभाग प्रथम स्थान मन्नत पाण्डेय, द्वितीय श्रेया आलिया, हायर सेकेंडरी विभाग प्रथम स्थान कुसुम नाग, द्वितीय संजना सिन्हा, उल्टी गिनती प्रथम श्रेयांश दास, द्वितीय नैतिक, गणित मॉडल हायर सेकेंडरी प्रथम स्थान योगेश सोनम एवं ग्रुप द्वितीय स्थान प्रतिभा, नवदीप, कल्पना यदु एवं ग्रुप पुर्व माध्यमिक विभाग प्रथम स्थान मयूरेश केंवट एवं द्वितीय अविनाश, विवान ग्रुप गणित चार्ट प्राथमिक विभाग प्रथम स्थान आकृति साहू,अर्णव साहू द्वितीय आस्था, तनीषा माध्यमिक विभाग प्रथम स्थान हरीश यादव, द्वितीय समर्थ दास,

आयोजित कार्यक्रम में पीजी कालेज के लैब टेक्नीशियन गिरधारी लाल सिंहा, मनसुख लाल मिश्रा, संस्था के प्राचार्य थानू राम सिंहा, गणित के व्याख्याता सियाराम यादव एवं उनके सहयोगी ईशा सलाम, रश्मि साहू, तारा सिंहा, रश्मि सुनीता साहू, बिशंतीन बसेरा, सरला साहू, भावना सिन्हा, प्रमोद कुमार साहू, उमा यादव, मनमोहन साहू, आशुतोष विश्वकर्मा, प्रियंका सिंह चौहान, संजय दास, शकुंतला सिंह, श्रीराम नायक, मनीष पुरामें एवं सभी आचार्य गण उपस्थित रहें।





### महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जन्म शताब्दी छात्र-छात्राओं ने मनाई

**कांकेर।** हायर सेकेंडरी सीबीएसई पैराडाइज स्कूल में श्रीनिवास रामानुजन के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर गणित से संबंधित विभिन्न कियाकलाप छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया और जन्मशताब्दी धूमधाम से मनाया गया। यशस्वी पोर्ते ने गणित के महत्व के बारे में बताया, हामिद अली ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी, उनके अविष्कार एवं उनके गणितीय प्रयोग, सूत्र आदि के बारे में विस्तार से बताया, मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्रों द्वारा विभिन्न गणितीय आकृतियों की परिभाषा उनके क्षेत्रफल एवं उनका आयतन विभिन्न मॉडल आकृतियों को बनाकर सभी छात्र-छात्राओं को समझाया। छात्र-छात्राओं के लिए गणित प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता एवं कोड ब्रेकिंग का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राएं अपने जिज्ञासा एवं मानसिक क्षमताओं का उपयोग करते हुए प्रतियोगिता में उत्साह और जोश के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक, यांत्रिक एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चार ग्रुप बनाया गया, जिसमें सभी ग्रुप अपने ज्ञान एवं तर्क शक्ति के अनुसार सभी प्रश्नों का बहुत सहज तरीके से जवाब दिए। ग्रुप बी प्रथम, ग्रुप ए एवं ग्रुप सी द्वितीय तथा ग्रुप डी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण गतिविधियां व क्रियाकलाप का निदेशन पैराडाइज स्कूल के गणित के शिक्षक टाकेश्वर साहू, रिंकी सेठी, तीरथ साहू, लक्ष्मीनरायाण नामदेव, आदि शिक्षकों के विशेष मार्गदर्शन एवं प्रयास से संभव हो पाया एवं मंच संचालन सुकदेव सरकार, अपूर्वा ठाकुर, दक्ष रजक एवं युक्ता यादव ने किया। आयोजित कार्यक्रम सपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंद्रा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, एंजल इलियास, अपरसा रॉय, मृणाल पाण्डे, गौरव टाडिया आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## दण्डवन में किसानों को मिला मृदा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत ग्राम दण्डवन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि सभापति मेशलाल पोयाम ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान कर संतुलित खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि सभापति ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी जमीन की उर्वरता की सही जानकारी मिलेगी, जिससे उचित उर्वरक का प्रयोग कर लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान एक दिवसीय पी.के.वी.वाय. जैविक खेती प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि अधिकारी श्रीमती मीना नेताम, कृषि अधिकारी आलोक यादव एवं सुतम कवर उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को योजनाओं की जानकारी देते हुए आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में किसान जुगधार, शम्भू, सदन, मालिन्द, उदयप्रताप, आयतु, कवलसिंह, पंचुराम, नरसिंघ, चौतू, कोरजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी किसानों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं प्रशिक्षण को खेती के लिए उपयोगी बताया।

### मनरेगा के कुएं से बढ़ी आय आवास निर्माण में सहायता

**बीजापुर।** विकासखंड भोपालपटनम के ग्राम पंचायत दम्पाया हितग्राही वड्डे नागैया के यहां बनाये गए कुएं से प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। उनके पास लगभग 1 एकड़ 50 डिसमिल कृषि भूमि है।

## कांग्रेस पार्षदों के आंदोलन से निगम ठेकेदारों ने झाड़ा पल्ला

- कहा : न तो निगम प्रशासन से कोई समस्या है और न ही महापौर से कोई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को लेकर नगर निगम ठेकेदार एसोसिएशन ने अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया है। एसोसिएशन ने साफ शब्दों में कहा है कि कांग्रेस पार्षदों के किसी भी आंदोलन को नगर निगम के ठेकेदारों का कोई समर्थन नहीं है और इस आंदोलन से ठेकेदारों का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। नगर निगम ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य भुनेश चक्रधारी, राजू कुरैशी, राकेश तिवारी, मुकेश फौजदार, पिंटू अग्रवाल, डायमंड देवांगन, मंशाराम साहू, अनिल कौशिक, विजय पांडे और सनी ठाकुर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि ठेकेदारों की ओर से न तो किसी आंदोलन को समर्थन दिया गया है और न ही भविष्य में ऐसा कोई इरादा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार के बाद शनिवार को अवकाश होने के कारण आंदोलन स्थल के समीप कुछ कुर्सियां खाली पड़ी थीं। उसी दौरान कुछ ठेकेदार वहां जाकर बैठ गए, जिसका किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोटो व वीडियो बनाकर गलत आशय के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे ठेकेदारों की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम के ठेकेदारों को न तो निगम प्रशासन से कोई समस्या है और न ही महापौर से कोई नाराजगी। ठेकेदारों का कहना है कि महापौर रामू रोहरा द्वारा हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाया गया है, ऐसे में असंतोष या विरोध का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। वरिष्ठ सदस्य पिंटू अग्रवाल ने कहा कि यह विपक्षियों की चाल है ताकि संगठन व महापौर का संबंध खराब हो।

## दृष्यता कम होने पर गाड़ी खड़ी कर दें, हैजर्ड लाइट ऑन रहने दें




कोहरे भरे मौसम में दुर्घटना कम करने ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंचल में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। सुबह सुबह कोहरे के कारण दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने सुबह वाहनों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने सलाह दी है कि सुबह ज्यादा घना कोहरा होने की स्थिति में वाहन को सुरक्षित जगहों पर खड़ी कर दें और हैजर्ड लाइट ऑन कर दें।

जिले में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। सुबह सुबह काफी घना कोहरा देखने को मिल रहा है। कई दिन तो कोहरा इतना ज्यादा होता है कि सड़क पर कुछ नजर ही नहीं आता है। इस स्थिति में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ट्रैफिक पुलिस ने दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील की है। यातायात पुलिस ने कहा है कि घने कोहरे में दृश्यता (विजिबिलिटी) कम हो जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में सावधानी ही सुरक्षित सफर और सुरक्षित जीवन का सबसे मजबूत आधार है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि कोहरे की स्थिति में वाहन चलाते समय लो बीम लाइट का प्रयोग करना चाहिए। वाहन की गति सीमित और संयमित रखना जरूरी है। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखे, ओवरटेकिंग से बचें, विंडशील्ड एवं शीशे साफ रखें, यदि कोहरा अत्यधिक हो और आगे दिखाई न दे तो वाहन को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें। रुके हुए वाहन पर हैजर्ड लाइट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, सड़क पर बने मार्किंग लेन का पालन करें। स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें।

## तकनीक और मेहनत से बदली खेती की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड के ग्राम बहीगांव निवासी सतीश पाठक ने आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उद्यानिकी खेती अपनाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि अन्य किसानों के लिए प्रेरणा भी बने हैं। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 2.275 हेक्टेयर में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाकर उन्होंने टमाटर की खेती शुरू की। श्री पाठक के अनुसार, पारंपरिक खेती में उन्हें 100 क्विंटल उत्पादन मिलता था, जबकि आधुनिक तकनीकों के बाद यह बढ़कर 180 क्विंटल तक पहुंच गया। उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 4.35 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन और उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें उन्नत बीज, जैविक खाद और तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उन्होंने फसल चक्र, समय पर सिंचाई, रोग–कीट प्रबंधन और बाजार की मांग के अनुसार अपनी खेती योजना बनाई।

### अन्य किसानों के लिए मिसाल

सतीश पाठक की सफलता देखकर आसपास के कई किसान भी पारंपरिक खेती छोड़कर उद्यानिकी और सब्जी उत्पादन की ओर आकर्षित हुए हैं। अब वे अन्य किसानों को फसल प्रबंधन, उन्नत बीज चयन और तकनीकी खेती के बारे में मार्गदर्शन भी देते हैं।

## पेज 11 के शेष

### अवैध परिवहन...

परिवहन के विरूद्ध टीम द्वारा मण्डी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई। इसके अलावा 02 दिसम्बर को एक प्रकरण में 20 क्विंटल, 03 दिसम्बर को एक प्रकरण के विरूद्ध 24 क्विंटल, 04 दिसम्बर को 02 प्रकरणों में 112 क्विंटल, 11 दिसम्बर को एक प्रकरण में 10 क्विंटल, 12 दिसम्बर को 03 प्रकरणों में 51 क्विंटल, 13 दिसम्बर को दो प्रकरणों में 60 क्विंटल, 15 दिसम्बर को दो प्रकरणों में 44.50 क्विंटल, 17 दिसम्बर को दो प्रकरणों में 55 क्विंटल, 18 दिसम्बर को पांच प्रकरणों में 155.20 क्विंटल धान की जब्ती बनाकर मण्डी अधिनियम 1972 के तहत अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने खाद्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगे भी धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के विरुद्ध सतत कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय युगल...

पार्षद सलीम मेमने एवं सुभाष वार्ड पार्षद विकास अम्बोरे के आतिथ्य में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार के खेल आयोजनों को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को मंच देने के साथ-साथ खेल संस्कृति को बढ़ावा देती हैं। दर्शकों और खिलाड़ियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन कराने की मांग की। कुल मिलाकर यह दो दिवसीय जिला स्तरीय युगल बैडमिंटन प्रतियोगिता खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और उत्साह का बेहतरीन उदाहरण साबित हुई।

### पीएम मोदी को...

होगी। प्रधानमंत्री ने असम में डबल इंजन सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष लगभग 380 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता होती है, जबकि वर्तमान उत्पादन 306 लाख मीट्रिक टन है। इसी अंतर को पाटने के लिए नए उर्वरक संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से यूरिया के संतुलित उपयोग की अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक यूरिया का प्रयोग मिट्टी की सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। यह संयंत्र असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स, ऑयल इंडिया और असम सरकार की भागीदारी है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मधु मंडावी, उपसरपंच वेद कुमार औरसा, किसान मित्र रमेश साहू, मानसराम साहू, धनराज बारला, कृष्णा साहू, तोकराज बारला, फगनु यादव, मनबोध जैन, यादोराम कोठारी, शीशपाल मेरिहा, प्रदीप घरत, खेमलाल नायक, संजय सेन, उत्तम मेरिहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान उपस्थित रहे।

### खड़े ट्रक से...

थे। वही पास में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 13 डब्लू 6904 का चालक अपने वाहन को सड़क के बीचो बीचो अंधेरा मे बिना किसी संकेतक के खड़ा किया था, जिससे सामने की ओर से आ रही वाहनो की तेज रोशनी आने से वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 13 डब्लू 6904 नही दिखाई देने के कारण मृतक का मोटर सायकल ट्रक के पीछे टकरा गया। टक्कर से मृतक योगेश कोमरा को गंभीर चोट आया एंव भावेश पटेल को हाथ छाती में चोट लगा था। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने योगेश कोमरा के मौत होने का पुष्टी किया। संपूर्ण जांच में आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 13 डब्लू 6904 के चालक द्वारा अपने वाहन को संडक के बीचो बीचो अंधेरा मे बिना किसी संकेतक के खड़ा करने से होना पाया गया। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 285, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बदहाल स्वास्थ्य के...

देते हुए कहा कि यहां न एंबुलेंस की समुचित व्यवस्था है, न नियमित डॉक्टर और न ही आपातकालीन दवाइयां। यहां तक कुत्ता काटने जैसी आपात स्थिति में भी आवश्यक इंजेक्शन उपलब्ध नहीं रहता। कृष्णा टेकाम ने कहा कि दूर-दराज के गांवों से आए मरीज घंटों अस्पताल में इलाज की उम्मीद में इंतजार करते रहते हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। भूख हड़ताल पर बैठे लोगों से अब तक किसी डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण तक नहीं किया, जबकि नियमों के अनुसार यह अनिवार्य है।

**15 दिनों में समाधान का आश्वासन:** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा और प्रदर्शन स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर पहुंचे सीएमएचओ ने आंदोलनकारियों से चर्चा कर 15 दिनों के भीतर सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाया।

### राज्य स्तरीय...

श्रीराम रामधुनी मंडली खुटेरी गुंडरदेही द्वारा कला झांकी अहिल्या उद्धार की प्रस्तुति एवं अंतिम दिवस 26 दिसंबर को सत्य दर्शन मानस परिवार भानुप्रतापपुर, कामता प्रसाद शरण कुडेरादादर द्वारा संकीर्तन एवं जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष त्रिभुवन शंकर यादव, उपाध्यक्ष करण सिंह ठाकुर, लीगेन्द्र साहू, होरीलाल यदु, सचिव योगेश्वर सिन्हा, कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, संयुक्त सचिव मनीष जैन सहित समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए हैं।

## घर के पास खेल रही बच्ची को पागल कुत्ते ने काटा

**धमतरी।** घर के पास खेल रही बच्ची पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया। बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम पोटियाडीह में इन दिनों पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। वे बच्चों को लेकर काफी चिंतित हैं। एक पागल कुत्ता लोगों पर लगातार हमला कर रहा है। दो दिन पहले एक ग्रामीण पर हमला किया था। इस घटना के बाद पागल कुत्ते ने साढ़े पांच साल की बच्ची पर हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया है। पोटियाडीह निवासी हुमेश्वर साहू की साढ़े पांच वर्षीय बेटी प्रियांशी साहू गुरूवार की शाम अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान एक पागल कुत्ता पहुंच गया। कुत्ते ने खेल रही बच्ची पर अचानक हमला कर सिर व हाथों को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह बच्ची को कुत्ते से बचाकर लहुलूहान हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

### एक हजार हेक्टेयर में बनना था पार्क

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया गंगरेल का जैव विविधता पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पांच साल पहले वन विभाग द्वारा प्रस्तावित गंगरेल का जैव विविधता पार्क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। 1000 हेक्टेयर में बनने जा रहा यह पार्क अब एक सपना बनकर रह गया है। जाली तार का घेरा जगह-जगह से टूट गया है। चोरी भी होने लगी है।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल मार्ग में भिलाई नहर से लेकर सोरम-भिलाई नहर पुल तक सोरम पुल से डांगीमाचा मार्ग होते हुए गंगरेल से भिलाई नहर तक 1000 हेक्टेयर जंगल को जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित किया जाना था। इस एरिया को तार घेरा करने के लिए 2 करोड़ रूपये की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई। इस राशि से 13728.50 मीटर तार घेरा किया जाना था। विभागीय कार्य शुरू हुआ। तार घेरा का कार्य जोर-जोर से किया जाने लगा। तभी घेराबंदी कार्य को लेकर



अनियमितता की शिकायत हुई। शिकायत जांच में पाया गया कि प्रत्येक दस फीट की दूरी में पाईल गड्ढा कर कॉलम निकालना था लेकिन पाईल गड्ढा किए बिना ही कॉलम निकाला गया है। जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद निर्माण कार्य पर ब्रेक लग गया। धमतरी रेंजर संदीप सोम ने बताया कि इस मामले का प्रकरण अभी चल रहा है। जैव विविधता पार्क पेंडिंग में चला गया है।

### क्या है जैव विविधता पार्क

वन विभाग के जैव विविधता कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण कार्य और उद्देश्य होते हैं। इसमें प्राकृतिक वनों और वन्यजीवों की विविध प्रजातियों, उनके आवासों और आनुवांशिक संसाधनों की रक्षा करना, पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिक संतुलन को सुनिश्चित करना, वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, वनों की कटाई या अन्य कारणों से खराब हुए वन क्षेत्रों का पुनर्वास, स्थानीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना और वन प्रबंधन में उनकी भागीदारी, मृदा एवं जल संरक्षण जैसे अनेक कार्य शामिल हैं।

# माता तपेश्वरी की पावन धरा पर भाटपाल ने जीता फाइनल खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड, घाटलोहंगा

बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत उसरी के माता तपेश्वरी की पावन धरा पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन कार्यक्रम सोमवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में ग्रामवासी एवं खिलाड़ियों का स्वागत गरिमामयी रूप से किया गया।

कार्यक्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की उपस्थिति प्रस्तावित थी, लेकिन स्वास्थ्य संबंधि कारणों से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। विधायक ने अपने प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी जितेन्द्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर व राजेश कश्यप को गांव भेजकर शुभकामनाएं प्रेषित की और टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन में ग्रापं उसरी के सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्राम प्रमुखगण सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली। युवा प्रकोष्ठ एवं गांव के सदस्यों ने संयुक्त रूप से इस क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया, जिसमें जिले के विभिन्न पंचायतों के खिलाड़ी शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला भाटपाल एवं कुम्हली के



मध्य खेला गया। टॉस जीतकर कुम्हली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 106 रनों का विशाल स्कोर बनाया और मैच पर पकड़ मजबूत करने का प्रयास किया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाटपाल की टीम ने मात्र 10 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाते हुए रोमांचक जीत दर्ज की तथा फाइनल का खिताब अपने नाम किया। युवा प्रकोष्ठ एवं आयोजन समिति ने टूर्नामेंट के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार खगेश्वर को दिया गया, वहीं सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर की उपाधि अस्तु को और बेस्ट बॉलर का खिताब मोहनीश को प्रदान किया गया। ग्राम उसरी में प्रतिवर्ष खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन परंपरागत रूप से होते आया है। कुछ माह पूर्व कबड्डी स्पर्धा का आयोजन भी ग्राम पंचायत स्तर पर हुआ था। जिसमें तुंगापाल की टीम ने विजय प्राप्त की थी गांव में निरंतर होने वाले ऐसे आयोजन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को पहचान देने तथा युवाओं में उत्साह, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। टूर्नामेंट के आयोजन के लिए क्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ एवं गांव के सामाजिक सदस्यों की सराहना की जा रही है। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने भविष्य में और भी बड़े आयोजन होने की आशा जताई। इस दौरान सरपंच मंदेश मौर्य, उप सरपंच रतिराम कश्यप, जगरूराम, सुखराम, मनीराम, रतिराम, हेमकुमार, संतो, थबीर कश्यप, मोहन कश्यप, प्रजापति, मंदेश, गणेश, बसंत, कार्तिक, उदयनाथ, मंगतू मांझी, पंडरु पुजारी एवं समस्त ग्रामवासी एवं समाज प्रमुखगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कासोली में होगा वार्षिकोत्सव



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में वार्षिक कोया (करसाड़) सम्मेलन 2026 के स्थल चयन के सम्बन्ध में चर्चा की गई। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष कोया आदिवासी समाज द्वारा वार्षिक उत्सव मनाया जाता है जो की अपने समाज में एकता नई युवा पीढ़ी को रीति रिवाज आदि के बारे में जानकारी साझा किया जाता है। जिससे की युवा पीढ़ी को बदलते परिवेश में अपनी संस्कृति की सृजन हो सके। इस वर्ष गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में स्थल का चयन किया गया। जिसमें कोया समाज के जिलाध्यक्ष बल्लू भवानी, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश कर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव नेताम, सचिव बुधराम नाग, जग्गू राम अटामी, रामलाल नेताम, बालसिंह कोरसा, सुदराम भास्कर, जिला राम कोर्राम, बोसा राम अटामी, अंती वेक, शकुंतला भास्कर, कुम्मा राम कश्यप, शैलेश अटामी, मोती राम सोरी, दिलीप नेताम, लैस नेताम, कलाराम अटामी, जे आर नुरेठी, सत्यवान भास्कर ग्राम के पेरमा पुजारी पटेल सहित कई वरिष्ठ कनिष्ठ मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर में गणित मेला मनाया गया



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीनिवास रामानुजन जयंती को गणित मेला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम पूर्व श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। गणित विषय के प्रमुख जयपाल तेलम ने पूजा अर्चना की। भैया बहनों ने श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संस्थान के पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित योजना अनुसार जो रूपरेखा तय किया गया था के अनुसार कार्यक्रम आयोजित हुआ। भैया बहनों के लिए गिनती, पहाड़ा, उल्टी गिनती, पहेली, वैदिक गणित प्रश्न मंच, छत्तीसगढ़ी में जनउला कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्यो ने भी इस पर अपने विचार व्यक्त किये। श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को कोयंबटूर तमिलनाडु में हुआ। अल्प आयु में ही गणित के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को पूरे संसार में बिखेरने लगे।

## अधिकारी ग्रामीणों को जेल भेजने के नाम पर डरा धमका रहे

# जंगल आदिवासियों का हैं, एक भी डंगाल काटना हो तो वन विभाग को लेनी होगी अनुमति : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पेद्दाकोडेपाल और कावड़गांव क्षेत्र में कथित जंगल कटाई को लेकर नाराज विधायक विक्रम मंडावी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने वन मंडल मुख्य प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से जंगलों की कटाई कराई जा रही है।

■ ग्रामीणों में जंगल कटाई को लेकर देखा जा रहा आक्रोश

दूसरी ओर वन मंडल अधिकारी कूप कटाई की वजह एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत लगाये जा रहे सुरक्षा कैंपों का हवाला दे रहे हैं।

गौरतलब हैं की बीजापुर जिले के पेद्दाकोडेपाल और कावड़गांव के जंगलो में कूप कटाई के नाम पर वन विभाग के अफसर अपनी मनमानी में उतर आये हैं जो वहशियाना



रवैया अपनाते हुए स्वस्थ्य ईमारती पेड़ों की अवैध रूप से कटाई कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र के नागरिकों में भी पेड़ों की मनमानी तरीके से काटे जाने को लेकर जमकर रोष हैं। विधायक का आरोप है कि बिना ग्राम सभा सहमति और परामर्श के हजारों पेड़ों की कटाई की जा रही है, जो कि पेशा कानून, पांचवीं अनुसूची और ग्राम सभा के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र बीजापुर में वन अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और ग्राम सभाओं की भूमिका को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। मंडावी ने यह भी आरोप लगाया कि जंगलों के रक्षक और प्रकृति पूजक ग्रामीणों को जेल भेजने की धमकी देकर मशीनों से जंगल कटवाए जा रहे हैं। जो पूरी तरह तानाशाही हैं अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को जेल भेजनें के नाम पर डराया धमकाया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। विधायक ने राज्य सरकार से मांग की है कि



डराने-धमकाने की नीति अपनाने वाले डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णा को तत्काल हटाये और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही ग्राम सभा की सहमति के बिना की जा रही किसी भी तरह की जंगल कटाई पर तुरंत रोक लगाने की मांग भी की। स्थानीय ग्रामीणों में जंगल कटाई को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है और वे अपने परंपरागत अधिकारों की रक्षा की मांग कर रहे हैं।

### कूप कटाई एक विधि

कूप कटाई वन प्रबंधन की एक विधि है, जिसमें वन क्षेत्र के स्वस्थ विकास के लिए सूखे, रोगग्रस्त या बाधक पेड़ों को योजनाबद्ध तरीके से हटाया जाता है, ताकि भविष्य में वन घना और स्वस्थ हो सके। यह अक्सर 10 साल की कार्ययोजना का हिस्सा होती है और इसका उद्देश्य वनोत्पाद, जलाऊ लकड़ी या चारे की पूर्ति करना भी होता है। लेकिन इस बार वन अधिकारी खुद हरियाली के दुश्मन बने बैठें हैं जो स्वस्थ पेड़ों को कटने में तुले हैं, जिससे विवाद गहराता जा रहा हैं।

### पेसा कानून का पालन

13 सितंबर 2025 को ग्राम सभा बुलाकर कूप कटाई एवं काटे जाने वाले चिन्हांकित पेड़ों का प्रस्ताव दिया था। नियमों के अनुसार ही कार्य किये जा रहे हैं पेसा कानून का बिंदु क्रमांक 33 का पूर्ण पालन किया जा रहा हैं।

-रंगानाथन रामाकृष्णा, डीएफओ बीजापुर

# शांति समिति की बैठक में क्रिसमस शांतिपूर्वक मनाने का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर संभाग के कांकेर जिले में हाल ही में शव दफनाने को लेकर हुए विवाद और हिंसा के बाद बस्तर जिले में भी आगामी क्रिसमस पर्व को लेकर शांति और सौहाद्र के साथ

■ सरपंच, कोटवार को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने किया जागरूक

मनाने के लिए बस्तर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।

बैठक में थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में निवासरत पास्टर एवं कोटवार सहित सरपंच की बैठक ली। जिसमें क्रिसमस त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की बात की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने आपसी भाईचारा बनाए रखने और विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करेंगे। ऑनलाइन फ्रॉड से सचेत करते हुए बताया कि लोग अनजान काल से सबसे अधिक ठगे जाते हैं। अज्ञात व्यक्ति के कॉल पर निजी जानकारी विशेष कर बैंक के डिटेल एटीएम पिन ओटीपी की जानकारी बिल्कुल ना दे। अनजान कॉल से आए लुभावने स्कीम या डराने धमकाने बातों पर विश्वास ना करें। जागरूक रहकर फ्रॉड से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल युग में साइबर क्राइम सबसे आम एवं सबसे खतरनाक स्वरूप ले रहा है। उन्होंने लोगों से निजी एवं जरूरी जानकारी साजा नहीं करने की सलाह दी।

साइबर अपराधी आम नागरिकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नए-नए तरीकों से साइबर अपराधी अपराध कर रहे हैं।

# नन्हे बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

रविवार को राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। पहले दिन जिले भर में पल्स पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। ब्लॉक मुख्यालय से लेकर गावों में ग्रामीण एवं पारा मोहलों तक लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अभियान को सफल बनाया। अभियान का बेडागुडा पंचायत स्तरीय शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। विकासखंड स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित हुए। पल्स पोलियो बूथों पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को लाकर टीकाकरण कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। आशा बाई ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस बूथ आधारित



टीकाकरण किया गया। जबकि आगामी दो दिनों में घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। ब्लॉक टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी दी कि दूरस्थ क्षेत्रों, बस स्टैंड, साप्ताहिक बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है। अभियान को लेकर आमजन में जागरूकता देखने को मिली और लोगों ने स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग किया।

# धान खरीदी में किसानों हो रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में कांग्रेस पार्टी ने धान खरीदी में किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने एनएच जाम कर प्रर्दशन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के सामने राज मार्ग तीस एनएच को तकरीबन आधे घंटे तक बाधित रखा और नारे लगाते रहे। कांग्रेस

■ अनेक ग्रामों के ग्रामीण पहुंचे कोंटा और लगाए नारे

ने कोंटा धान खरीदी केंद्र के 562 किसानों परिवारों के टोकन नही कटने का आरोप लगाते हुए इसे किसानों साथ अन्याय कहा।

कोंटा धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत आने वाले 1410 किसानों से तकरीबन 27 सौ हेक्टेयर के फसल से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किन्तु गिरदावरी भौतिक सत्यापन नही कराए जाने से किसानों को यहां बारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सुकमा जिला के कोंटा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले गोलापल्ली मराईगुड़ा धान





खरीदी केंद्र के 302 किसानों तथा किस्टाराम केंद्र के 271, एर्राबोर केंद्र के 56 किसान परिवारों की भौतिक सत्यापन नही होने के कारण धान बेचने से वंचित हो रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा सहित आला जन प्रतिनिधियों कांग्रेस पदाधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र एर्राबोर में लिमिट प्रति दिन 427 क्वि. हैं जिसे बढाया जाने वन पटटा धारीओं का धान खरीदी करने प्रति एकड 12 क्टि. लिया जा रहा हैं उसे बढाकर 21 क्टि. किए जाने एग्रिस्टेक और गिरदावरी होने बावजूद कई किसानें का रकबा कम कर दिए जाने या शून्य कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए निराकरण करने की मांग की है।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए कोंटा सपन चौधरी कोंटा थाना प्रभारी सलीम काका सहित जनपद सीईओ सुमीत ध्रुव मौजूद थे।

### अनेक गांवों के ग्रामीण पहुंचे शिकायत लेकर धान खरीदी केंद्र

कांग्रेस के चक्काजाम कार्यक्रम के कुछ देर बाद कोंटा विकासखंड के दुरमा पंचायत के पीलावाया मेहता, टब्बापाड़ पुसुगुड़ा, दोरामंगू गंगराजपाड़, बण्डा पंचायत के कन्याईगुड़ा नुलकातोंग सहित अनेक गांवों तकरीबन तीन सौ के आस-पास ग्रामीण कोंटा धान खरीदी केंद्र पहुंच हल्ला मचाया और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। ग्रामीण ने धान खरीदी केन्द्र में धान की कटौती करने का आरोप लगाते हुए पड़ोसी राज्य से पहुँचे किसानों के धान खराब होने के बाद कटौती नही करने की बात ऑन कैमरा में कही। इस दौरान किसानों की मांगों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधीर पांडेय नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया पार्षद देवी सुरेश सुरज सत्ती सेमल कुमारी सरपंच मड़काम दयावति अंजु गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख मुनीर सरपंच मड़काम कृष्णा एनयूसीआई के युवा नेता नमीर सहित दर्जनों कार्यकार्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत कर रहा नवोदय विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के वार्षिक पैनल निरीक्षण में पहुंची टीम ने विद्यालय की शैक्षणिक, अकादमिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह की असेंबली से लेकर दिनभर चलने वाली गतिविधियों, पढ़ाई, खेलकूद, आवासीय व्यवस्था, भोजन से लेकर तमाम गतिविधियों का 3 दिनों तक निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्था और उपलब्धियों को टीम ने सराहा व जरूरी सुझाव भी दिए। आयोजित सांस्कृतिक संध्या में नवोदय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ और छात्र-छात्राओं के बेहतरीन प्रयास से जेएनवी दंतेवाड़ा असंभव कार्य को भी संभव कर



दिखाता है। यह विद्यालय विपरीत हालात के बीच उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रहा है बस्तर अद्भुत है। नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की परम्परा को सहेजकर आगे बढ़ रही है। स्टाफ व प्रिंसिपल की मेहनत और बच्चों का उत्साह अद्वितीय है। बच्चे विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे। अनुशासन भी बेहतर है। हमने देखा एक साथ 35 बच्चे 35 इंस्ट्रूमेंट बजा रहे हैं। विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए सांस्कृतिक विविधता में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया, जो नवोदय का उद्देश्य ही है। पैनल इंस्पेक्शन टीम के सदस्य के तौर पर टीके चट्टोपाध्याय, प्राचार्य जेएनवी सुंदरगढ़ ओड़शिा, इतिबाई प्राचार्य जेएनवी जगदलपुर, विवेक शुक्ला प्राचार्य जेएनवी काकेर, बीके शर्मा प्राचार्य ईएमआरसी कटेकल्याण ने भी बच्चों को प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने स्वागत उद्बोधन दिया व अंत में आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश समेत विभिन्न प्रांतों के लोक नृत्य से मन मोह लिया। अंत में अतिथियों ने पढ़ाई और खेल गतिविधियों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

# भाजपा के भविष्य हैं भाजयुमो कार्यकर्ता : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गीदम मंडल द्वारा युवाओं से संवाद करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों ने युवाओं से चर्चा की।

■ युवाओं से संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा की युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ही भाजपा का भविष्य है। युवा मोर्चा के साथियों को एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण भावना से कार्य करना चाहिए। हमारा लक्ष्य सिर्फ संगठन को मजबूत करने का होना चाहिए।



भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा की भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो युवाओं को अवसर देती है।

भाजपा में परिवारवाद का कोई महत्त्व नहीं हम सब एकजुट होकर कार्य करें तो हर लक्ष्य को हासिल कर सकते है। भाजपा सिर्फ राजनीतिक, लक्ष्यों के लिए कार्य नहीं करती देश के लिए एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करती है। असरानी ने कहा की युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलती है। राहुल असरानी ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा किया। उनके मार्गदर्शन से उपस्थित कार्यकर्ताओं में नया उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान गीदम मंडल महामंत्री अजय अवस्थी, युवा मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य वीरेश मिश्रा, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेंद्र निर्मलकर, हरमिंदर सिंह, पार्षद सूरज ठाकुर, पूर्व पार्षद राधे साहू, आयुष सिंह चौहान, अनीश जार्ज, आदर्श ओसवाल, राजेंद्र स्वाई, रोशन शर्मा, यशवंत शर्मा, ओम कालेस्वर नायक, शैलेन्द्र सिंह, मुकेश देवांगन, आशीष गुप्ता, सुधीर नाग, विष्णु शिवहरे, संजय देवांगन, रंजीत, डिवीन थामस, रवि गुप्ता, राहुल सोनवानी, निलांदु अधिकारी, विजय खाखा, मोनू दास मानिकपुरी, हितेश कौशल, कमल कुमार यादव, राजेश साहू, शिवम् गुप्ता, राज सोनानी, ऋषि गुप्ता, महेश शिवहरे, सचिन गुप्ता, रूद्र कोरेटिया, सानू सिंह ठाकुर, बादल बड़ोले, निहाल ठाकरे, विशु यादव, मोहन पाल, किशन शर्मा, अरुण गुप्ता, पंकज यादव व युवा साथी व युवा मोर्चा के अन्यकार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# लूज बोल्डर चेक डेम से सुदृढ़ हुआ जल संरक्षण और ग्रामीण विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले में जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रभावी पहल की जा रही है।

इसी क्रम में जिले की जल निकासी लाइनों के उपचार हेतु लूज बोल्डर चेक डेम संरचनाएँ एक कारगर माध्यम के रूप में स्थापित हुई हैं, जो वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ मृदा कटाव को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

ज्ञात हो कि लूज बोल्डर चेक डेम ढीले-ढाले किंतु सुव्यवस्थित बोल्डरों से निर्मित होते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान तेज जल बहाव की गति को नियंत्रित करना है। यह संरचनाएँ गति अवरोधक के रूप में कार्य करते हुए पानी के वेग को कम करती हैं, जिससे उपजाऊ मिट्टी के कटाव में कमी आती है और जल का अधिकतम संचयन संभव हो पाता है।

परिणामस्वरूप भूजल पुनर्भरण की प्रक्रिया को मजबूती मिलती है तथा निचले क्षेत्रों में स्थित जल स्रोतों में पानी की उपलब्धता बढ़ती है। इस क्रम में जल संरक्षण की आवश्यकता और ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की पहल से जनपद गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत हाऊरनार में लूज बोल्डर चेक डेम निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है की ब्रिकी पत्र (मूल रजिस्ट्री) क्रमांक 477 दिनाक 04.08.2009 पुस्तक क्रमाक-1 ग्रंथ 2710 पृस्ठ 1+15 जो की उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीकृत है जिसका स्वामित्व श्रीमति शारदा मांडवी पति छबीलाल मांडवी निवासी अलबेला पारा कांकेर के पक्ष मे है भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कांकेर मे बंधक रखने के उपरांत गुम हो गया है जिस किसी सज्जन को उक्त ब्रिकी पत्र प्राप्त हो कृपया भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा कांकेर में जमा करने का कष्ट करे।

मुख्य प्रबन्धक
भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कांकेर

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी सहायिका को हटाने की मांग

**कांकेर।** जिले के ग्राम भैसमुंडी के ग्रामीण कलेक्ट्रेड पहुंचे और आंगनबाड़ी सहायिका को हटाने की कर रहे मांग करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी सहायिका धर्मपरिवर्तन कर चुकी है। हिन्दू धर्म की रीति-रिवाज नही मानती है। सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेड पहुंचकर आंगनबाड़ी सहायिका को हटाने का मांग किया। मांग पूरा नही होने पर आंदोलन करने की ग्रामीणों ने चेतावनी दी है।

### जपं अध्यक्ष के प्रयासों से मिला डोंगरकट्टा को पानी टैंकर



**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत डोगरकट्टा के ग्रामीण लंबे समय से पानी टेंकर मांग करते आ रहे थे। जैसे गांव में पानी टेंकर पहुंचा गांव में खुशी का माहोल देखने मिला। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष सुनाराम तेता, अध्यक्षता सरपंच नरेंद्र नेताम, पूर्व सरपंच भुनेश्वरी कोरेटी के द्वारा पानी टेंकर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि आपके पंचायत में चाहे धार्मिक कार्य, देव जात्रा, छट्टी, शादी, मरनी व अन्य कार्यक्रम में पानी की दिक्कत नहीं होगी। इस क्षेत्र में विकास के काम या सुख -दुःख घड़ी में मै आप लोगो के सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा। मिल जुलकर क्षेत्र का विकास करेंगे। इस अवसर पर राजकुमार दर्रो, खेमिन कोरेटी, जेआर गोटा, महेंद्र कोरेटी, सुकलाल गोटा, संतलाल नेताम, नवल कोरेटी, युवराज कोरेटी, चेतन कोर्राम,रोहित गोटा, कांति कोर्राम, हेमलता कोरेटी, नीलम गोटा हेमंत महला, संजय कोरेटी, पुन्नूराम गोटा, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, राजेन्द्र उयके, भाव सिंह गावड़े, बंसी दिवान, विशेष दर्रो व अन्य उपस्थित रहें।

### रासेयो शिविर स्थल की साफ-सफाई की गई



**दुधावा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुधावा के द्वारा तृतीय दिवस पर शिविरार्थियों ने शिविर स्थल शासकीय माध्यमिक विद्यालय बिहावापारा में साफ सफाई के कार्य किए गए। रोड किनारे का भी साफ सफाई का कार्य किया गया। बौध्दिक चर्चा परिचर्चा में मुख्य अतिथि आरपी नेताम के व्दारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। गांव के गणमान्य नागरिकों को एवं शिविरार्थियों को जड़ी बूटी के जानकारियां दी जड़ी बूटियों के माध्यम से इलाज कैसे करें जानकारी दिए। योग के बारे में बहुत अच्छी जानकारी दिया जिसमे सभी - स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व गांव के ग्रामीण जनों द्वारा भी सहभागिता निभाई। सभी ग्राम वासी बहुत ही प्रसन्न हुए। मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा शिविर नामा का विमोचन किया गया।

### ब्यूटीशियन प्रशिक्षण से महिलाएं बनेंगी हुनमंद



**अंतागढ़।** महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत 22 दिसंबर को 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के वाहिनी परिसर में 30 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम अंतागढ़, कुंहचे एवं कोंदागांव से चयनित कुल 30 महिलाओं को व्यावसायिक ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

## शिविर : राष्ट्रीय स्तर पर पेसा दिवस 24 को विशेष आयोजन

# संस्कृति संरक्षण, ग्राम स्वशासन, वनअधिकार व स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण शिविर कल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



चारामा विकासखंड के ग्राम कहाड़गोंदी में 20 से 24 दिसंबर तक आयोजित कोया पुनेम एवं संवैधानिक विषयों पर आधारित पाँच दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर निरंतर सक्रिय सहभागिता के साथ संचालित हो रहा है। इस शिविर में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए 920 से अधिक लया–लयोर प्रशिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर अपने 21वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है तथा इसके अंतर्गत 24 दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर पर पेसा दिवस का विशेष आयोजन प्रस्तावित है। आगामी दिनों में अधिकाधिक समाजजनों की सहभागिता के साथ जागरूकता, प्रशिक्षण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन नार्र ग्राम व्यवस्था की पारंपरिक संरचना, सामाजिक अनुशासन एवं स्वशासन प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार पारंपरिक पेन व्यवस्था, सामाजिक नियम, सांस्कृतिक परंपराएँ एवं सामूहिक निर्णय प्रणाली गांव की मूल पहचान और स्वशासन की आधारशिला हैं। वक्ता विष्णु देव पद्दा ने कहा कि पारंपरिक व्यवस्थाओं को संरक्षण प्रणाली के माध्यम से संगठित एवं नियमित रूप से संचालित कर ग्राम संस्कृति, सामूहिकता एवं स्वशासन को सुदृढ़ किया जा सकता है। इसी क्रम में वक्ता जगत मरकाम ने सहस्त्राब्दियों से वैज्ञानिक रूप से परखी गई। पारंपरिक आस्थाओं एवं परंपराओं को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया।

उन्होंने बढ़ते पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को रोकने के लिए कोयतोरिन टेक्नोलॉजी के प्रयोग की आवश्यकता बताई तथा टोण्डा, मण्डा, कुण्डा संस्कार के नियमित पालन एवं प्रकृति-सम्मत जीवनशैली अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश से आए प्रशिक्षक आशीष कचवाहा ने बाघ, वन एवं प्रकृति संरक्षण विषय पर चित्रकला के माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित प्रशिक्षार्थियों ने सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लड टेस्ट, सिकल सेल जांच एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण किए गए। इस शिविर के माध्यम से 1130 ग्रामीणों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत देव स्थल में सामूहिक प्रणाम के साथ की गई।

स्वास्थ्य सत्र में ब्लड बैंक हेल्थ विंग के प्रभारी डॉ. सनत नेताम एवं तिरुमाय देवकुवार नरेटी ने संतुलित आहार, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वक्ता रोज़ी गावड़े ने भी सहभागिता करते हुए आदिवासी भूमि से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आदिवासी इतिहास और ऐतिहासिक तौर पे उनकी भूमि से परस्पर संबंध पर चर्चा की।

भोजन अवकाश के बाद आयोजित सत्र में वन अधिकार मान्यता अधिनियम, 2006 एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस सत्र में संदीप सलाम एवं बलदेव पड़ोटी ने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार, दावा प्रक्रिया, ग्राम सभा की भूमिका तथा वनों के संरक्षण ग्रामसभाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सतत उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी।

# धान बेचकर हार्वेस्टर खरीदने की योजना बना रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचकर किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ घर बनाने, ब्याह करने, वाहन खरीदने, कृषि उपकरण क्रय करने जैसे बड़े कामों में भी इससे प्राप्त राशि का उपयोग कर रहे हैं।

चारामा विकासखण्ड के ग्राम चिनौरी में देखने को मिला, जहां किसान रमेश निषाद ने धान खरीदी केंद्र चिनौरी में 96 क्विंटल धान का विक्रय अपने सपने को साकार करने की दिशा में पहल कर रहे है। किसान ने बताया कि उनके पास 6 एकड़ कृषि योग्य भूमि है तथा उनके परिवार में कुल 5 सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि धान विक्रय से प्राप्त राशि से वे कृषि कार्यों को और अधिक आसान व सुविधाजनक बनाने के लिए हार्वेस्टर क्रय करने की योजना बना रहे हैं।

साथ ही पूर्व में कुछ राशि जमा कर रखी है जिसकी मदद से वे हार्वेस्टर क्रय करेंगे। उन्होंने शासन की धान खरीदी नीति की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार की किसान हितैषी नीतियां और योजनाएं खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### कतार बुआई का प्रदर्शन और चना बीज वितरित



**कांकेर।** आत्मा योजनान्तर्गत रबी फसल प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चना फसल की उन्नत किस्म का निःशुल्क वितरण कर, जैविक फफूंदीनाशक से बीजोपचार के पश्चात कृषक जग्गु राम टेकाम के खेत में तकनीकी विधि से सीड ड्रिल मशीन द्वारा कतार बुआई करवाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# लोहत्तर में राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन जारी, भक्तिमय है माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम लोहत्तर में जय शीतला जन जागृति सेवा समिति लोहत्तर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन की शुरुआत हुआ। यज्ञाचर्या मोतीराम भालेश्वर ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कराया। कलश यात्रा में कन्याओं सहित आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली यह यात्रा आकर्षण का केंद्र रही व युवकों के जयकारे और महिला श्रद्धालुओं के भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विकास राजु नायक ने कहा श्रीरामचरितमानस गोस्वामी तुलसीदास द्वारा 16 वीं सदी में रचित प्रसिद्ध महाकाव्य है। जो आज विश्व में सबसे ज्यादा पढ़ने व सुनने वाला ग्रन्थ है, इसके नायक मर्यादा पुरुषोत्तम राम है और इसकी भाषा अवधी है। इस ग्रन्थ को अवधी साहित्य हिंदी साहित्य की एक महान कृति माना जाता है। इसे सामान्यत तुलसी रामायण या तुलसीकृत रामायण भी कहा जाता है। श्रीरामचरितमानस भारतीय संस्कृति में एक विशेष स्थान रखता है। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ गांव के मुख्य मार्गों से निकाली गई। कलश यात्रा पवित्रता और आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रतीक के रूप में पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देती है, जिसका उद्देश्य सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवर्तन लाना, समाज में सकारात्मकता फैलाना और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करना होता है, जिसमें प्रथम दिवस छत्तीसगढ़ प्रदेश के ख्यातिलब्ध मानस मण्डलीयों का आगमन होगा और वे भगवान राम के चरित्र के साथ मानवीय जीवन के उद्देश्य को श्रद्धालुओं तक पहुंचाया। मानसगान से क्षेत्र में सामाजिक जुड़ाव और भक्ति का माध्यम बनता है।

कार्यक्रम में सरपंच बसंती भालेश्वर, गायता पुरूषोतम देहारी, पटेल मेहतर राम दीवान, सरपंच परभेली कन्हैया पात्र, थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण नामदेव, सुरेन्द्र डोंगरे, ओमप्रकाश भुआर्या, जगदीश देहारी, दिनेश कचलाम, तेजप्रताप आमले, गीता देहारी, हीरोतिन राठौर, सावित्री दीवान, जिनका दीवान, शिरो बाई दीवान, शारदा भुआर्या, विश्राम सिंह ठाकुर, रामनाथ मण्डावी, श्रवण दुग्गा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# बालक-बालिका एनसीसी कैंप में शारीरिक मानसिक एवं आत्मबल के विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

- सिंगारभाट में 8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी का 10 दिनी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जारी



8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी कांकेर द्वारा बालक एवं बालिका छात्रावास सिंगारभाट में 10 दिवसीय कैम्प का आयोजन 20 से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है। शिविर ओपनिंग एड्रेस प्रातः 11 बजे कैंप कमांडेंट कर्नल सुमीत शर्मा ने दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एनसीसी देश सेवा करने वालों के लिए पहला कदम है, जिसमें जीवन के लिए जरूरी आत्म बल, शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने एवं नेतृत्वकर्ता के गुण सिखाए जाते हैं। उन्होंने कैंप के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया और साथ ही कहा कि एनसीसी के कैडेटों को शिविर के दौरान फौज की दिनचर्या में ढलने स्वस्थ रूटीन का पालन करने सिखाया जाता है। कैम्प कमाण्डेन्ट कर्नल सुमीत शर्मा ने बताया कि कैम्प में भानुप्रतापदेव पीजी कॉलेज, शासकीय गैंदसिंह महाविद्यालय चारामा, महाविद्यालय केशकाल, नरहरदेव स्कूल, गोविंदपुर स्कूल, सेंट माइकल, नवोदय विद्यालय करप, एकलव्य विद्यालय अंतागढ़, पखांजूर, सरोना, कोरर, केशकाल, भानुप्रतापपुर, लखनपुरी, केंद्रीय विद्यालय कांकेर, दुर्ग एवं जगदलपुर के कुल 557 कैडेट भाग ले रहे है। लखनपुरी स्कूल से आए गर्ल्स कैडेट नव्या साहू, रूपाली साहू एवं अंजली ने बताया कि यह उनका पहला कैम्प है और काफी उत्साहित हैं। पीजी कॉलेज के कैडेट वैभव साहू, चेतना यादव, हिमांशु, कविशेक, लाखेन्द कश्यप ने बताया कि कैंप करने के लिये अत्यंत उत्सुक हैं। घर से दूर रहकर सैनिक जीवन का दिनचर्या अनुशासन सीखना फायदेमंद होगा। सुबह पीटी, ब्रेकफास्ट, ड्रिल, मैप रीडिंग एवम हथियार प्रशिक्षण की क्लासेस, फिर लंच, 3 बजे से बौद्धिक परिचर्चा, 4 बजे से फुटबॉल और वॉलीबॉल कंपीटिशन की तैयारी, रात में डिनर के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी करना शामिल है। कैंप के दूसरे दिवस कांकेर पुलिस विभाग साइबर सेल से इंस्पेक्टर प्रेमप्रकाश अवधिया एवं आशीष कुंजाम ने साइबर सिक्योरिटी के विषय में व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अपना पासवर्ड, ओटीपी और डिवाइस को किसी से शेयर नहीं करना चाहिए। चारामा कॉलेज से एनसीसी किए नोमिन व कांकेर कॉलेज से उजाला का नगरसेना में चयन पश्चात ट्रेनिंग पूर्ण कर लिया, उन्होंने सेना एवं पुलिस में भर्ती एवं ट्रेनिंग के विषय में बताया। कैंप में तृतीय दिवस हथियार प्रशिक्षण में फायरिंग के विभिन्न पोजिशन और अन्य हिदायते के बारे में बताया गया साथ ही मैप रीडिंग का प्रशिक्षण भी दिया गया।

कैम्प एडजुडेंट लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, ट्रेनिंग अफसर लेफ्टिनेंट श्याम लाल कुर्रे, कैंप क्वार्टर मास्टर हेमलाल साहू, प्रदीप कुमार सिंग, महेश कुमार घरत, पंकज सेन, दुष्यंत सोनकर,भागीरथी नायक, भूपेंद्र सहारे, तोशीकांत साहू, ताहिर हुसैन कैंप, हिनेश्वरी साहू, सूबेदार राजेश खलखो, सीएचएम कार्तिक राम, हवलदार राकेश, धीरज, एस रणजीत, रणधीर झा, नायक दीपक, रईस, मांझी, संतोष आदि पीआई स्टॉफ तथा एनसीसी कार्यालय के शिवनंदन ध्रुव,रामेश्वर धनकर, संजय थॉमस, रोहित बघेल, उदय दुग्गा, सतवंतिन, प्रेमलता टंडन, चंद्रकांत, भूपेश विष्णु, राजू, धर्मेंद्र समस्त कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है।

## सांसद खेल महोत्सव 24-25 को अधिकारियों की मिली जिम्मेदारी

**कांकेर।** लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर को नरहरदेव पीएमश्री शाउमावि परिसर में प्रस्तावित है। उक्त खेल प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा तथा रस्साकसी जैसे विभिन्न खेलों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 800 पुरूष एवं 800 महिला प्रतिभागी सम्मिलित होंगीं। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त आयोजन को सफल बनाने जिला स्तर के अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवास एवं खेल मैदानों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक, खेल व्यवस्थापन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, खेल मैदान/आवासों की साफ-सफाई व वॉटर टेंकर, फॉगिंग के लिए नगरपालिका परिषद कांकेर, खेल मैदानों के समतलीकरण, विद्युत कनेक्शन के लिए लोक निर्माण विभाग, वाहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रतिभागियों की चिकित्सा व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य विभाग, पेयजल संबंधी व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खिलाड़ियों की भोजन व्यवस्था के लिए खाद्य नियंत्रक एवं खाद्य विभाग, प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार के लिए जनसम्पर्क विभाग, जनप्रतिनिधियों की आवास व्यवस्था के लिए वन विभाग, विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने विद्युत विभाग, मंच सजावट के लिए रेशम एवं उद्यान विभाग, नर्तक दलों की व्यवस्था आदिवासी विकास विभाग तथा मैदान निर्माण के लिए आवश्यकतानुसार मिट्टी एवं डस्ट की व्यवस्था करने खनिज विभाग को दायित्व सौंपकर आयोजन को सफल बनाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

# धान खरीदी लिमिट बढ़ाने पुजारीपारा के किसानों ने सौंपा ज्ञापन और दी चेतावनी



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सहकारी समिति दमकसा के अधीन संचालित धान खरीदी केन्द्र पुजारीपारा में खरीदी की कम लिमिट को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। किसानों ने वर्तमान में निर्धारित 650 क्विंटल प्रतिदिन की सीमा को बढ़ाकर 2000 क्विंटल किए जाने की मांग तेज कर दी है। किसानों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि पुजारीपारा धान खरीदी केन्द्र से जुड़े लगभग 600 पंजीकृत किसान हैं, जिसमें सिवनी, गोयदा, कलगपुरी, पुजारीपारा, नागहूर, नेडगांव, तराईघोटिया सहित आसपास के कई गांव शामिल हैं। क्षेत्र में धान की शत-प्रतिशत कटाई एवं मिंजाई का कार्य पूर्ण हो चुका है, बावजूद इसके खरीदी प्रक्रिया अत्यंत धीमी गति से चल रही है। कम लिमिट के कारण प्रतिदिन केवल पांच से छह किसान ही धान बेच पा रहे हैं, जिससे शेष किसानों को बार-बार केन्द्र के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्रतिदिन सीमित टोकन जारी किए जाने से केन्द्र में भारी भीड़ लग रही है। कई किसानों को रातभर लाइन में खड़े रहकर टोकन लेना पड़ रहा है, फिर भी समय पर धान नहीं बिक पा रहा, जिससे किसानों में असंतोष बढ़ रहा है और कई बार कर्मचारियों व किसानों के बीच विवाद की स्थिति भी बन रही है। धान खरीदी में हो रही देरी के चलते किसानों की उपज शेडों एवं घरों में पड़ी खराब होने का खतरा बढ़ गया है। मौसम के बदलते मिजाज और नमी के कारण धान के खराब होने से किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका सता रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। ज्ञापन सौंपते समय किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि पुजारीपारा धान खरीदी केन्द्र की प्रतिदिन खरीदी क्षमता में शीघ्र वृद्धि नहीं की गई, तो वे 29 दिसंबर से धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में झाड़ू राम उयका, रूपसिंह कोमरा, मुरहोराम दरो, अज्जू राम, दिनेश दुग्गा, लतीफ बघेल, अनिल कुमार, जय सिंह सहित एवं क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम और सीएम साय के नेतृत्व में युवाओं का सकारात्मक विकास हो रहा

# पढ़ाई के साथ खेल और अनुशासन से होगा बेहतर भविष्य का निर्माण : विधायक विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर



विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पखांजुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में किया गया। खेल महोत्सव के समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में युवाओं को सकारात्मक दिशा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल और अनुशासन से विद्यार्थी और युवाओं में बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए विशेष अतिथि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि खेलो इंडिया फिट रहो इंडिया। इसके बाद अतिथियों ने खेल महोत्सव में विजेता एवं उपविजेता रहे टीम एवं खिलाड़ियों को पुरस्कृत किए। समारोह के अंत में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उदय नाग ने सभी अतिथियों, सभी विभागों के कर्मचारीओ एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई, जिसके पश्चात आराधना कान्वेंट स्कूल पखांजुर के छात्रोंओ द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्यामवती मंडावी, विशेष अतिथि मनोरमा मंडावी, मंजू सरदार, मोनिका साहा, टीआर देवांगन, एससी बैध, देव कुमार शील, बिप्लब बनर्जी एवं अन्य अतिथियों का पुष्पहार एवं गुलदस्ता से स्वागत किया गया। सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए एवं संबोधित करते हुए मोनिका साहा ने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप खेलो इंडिया, सांसद खेल प्रतियोगिता एवं अन्य खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता में बालक बालिका जूनियर एवं सीनियर वर्ग के व्यक्तिगत खेलों में 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा एवं सामूहिक खेलों में खो-खो, व्हालीबॉल, रस्साकसी, कबड्डी खेलो का आयोजन किया गया। समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य दीपांकर राय, राजा पांडे, राजा देवनानी, शंकर सरकार, अमित बोस, मिथुन गायन, स्वपन तरफदार, श्यामू तिवारी, निमाई हालदार गणेश मुखर्जी एवं खेलों को संपन्न कराने में व्याम शिक्षक शंभू साहा, जगत राम ध्रुव, महेंद्र साहू ,सूरज मंडावी, राम शरण वैष्णव, सोमारी मांडवी, रेशमा नेताम, भूपेंद्र साहू एवं शिक्षा विभाग से भोला प्रसाद ठाकुर, कृष्णेन्दु आईच, कुसुम जैन, प्रकाश चौधरी, कृष्ण पाल राणा, गुरुदास बनर्जी, मंदा रामा स्वामी, पाराश ध्रुव, यशवंत ठाकुर, राजेंद्र यादव महिपाल नरेटी आदि का योगदान रहा।